# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## जनपद ललितपुर में दिनांक–26.05.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–26.05.2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में DWSM की समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

**01.** अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
**02.** अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
**03.** श्री विश्वजीत, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
**04.** श्री धीरज कुमार, सहायक अभियंता (SWSM), (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
**05.** श्री राहुल सिंह, ऐ0ई0, SWSM ललितपुर।
**06.** श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
**07.** श्री आशुतोष श्रीवास्तव, विनय कुमार साहू, टी0एल0 / डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
**08.** श्री आकाश सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
**09.** श्री सुशील तिवारी, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
**10.** श्री प्रशान्त, प्रतिनिधि दारा ललितपुर।
**11.** श्री संतोष, प्रतिनिधि ब्रिज बानको ललितपुर।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर ने अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है वर्तमान में सभी 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाएं O&M में संचालित हो रही है। सभी योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 551 ग्रामों के सापेक्ष 541 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है एवं कुल 538 ग्रामों के रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो गया है शेष 13 ग्रामों का रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि योजनावार शत प्रतिशत ग्रामों की संख्या, 90 प्रतिशत से ऊपर जलापूर्ति के ग्रामों की संख्या निम्न प्रकार है–

| 100 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत जलापूर्ति ग्रामों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | योजना का नाम (ग्राम समूह) | कुल ग्रामों कि संख्या | 100 प्रतिशत जल आपूर्ति किए जा रहे ग्रामों कि संख्या | 90 प्रतिशत जल आपूर्ति किए जा रहे ग्रामों कि संख्या |
| 1 | लागौन | 50 | 44 | 6 |
| 2 | कचनौंदा–कलां | 61 | 51 | 7 |
| 3 | धौर्रा–बालाबेहट | 58 | 47 | 11 |
| 4 | जाखलौन–बिरधा | 60 | 47 | 10 |
| 5 | कड़ेसरा–कलां | 22 | 19 | 2 |
| | सुधाकरा कुल योग– | **251** | **208** | **36** |
| 6 | सोजना–गुढ़ा | 32 | 26 | 6 |
| 7 | सुकुलगुवां | 16 | 16 | 0 |
| 8 | मड़ावरा | 17 | 17 | 0 |
| 9 | बिल्ला–मोगान | 23 | 17 | 5 |
| 10 | बदनपुर | 31 | 24 | 7 |
| | दारा कुल योग– | **119** | **100** | **18** |
| 11 | सैदपुर–कुम्हैड़ी | 47 | 34 | 7 |
| 12 | गौना–नाराहट | 54 | 29 | 13 |
| 13 | मसौरा–सिंदवाहा | 45 | 42 | 1 |
| | जे0एम0सी0 कुल योग– | **146** | **105** | **21** |
| 14 | चन्दावली | 16 | 9 | 3 |
| 15 | टोरी | 19 | 17 | 2 |
| | कुल योग– | **551** | **439** | **80** |

अपर जिलाधिकारी महोदय ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्राम में शत-प्रतिशत जलापूर्ति करना शीघ्र सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसार योजनाओं के ग्रामों को जिसमें नियमित जलापूर्ति हो रही है एवं सभी कार्य पूर्ण हो गये है। ऐसे ग्रामों को ग्राम पंचायतों को जल अर्पण दिवस मनाते हुए ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरण किया जाना है। वर्तमान में कुल 6 ग्राम पंचायत का विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जल अर्पण का कार्य सम्पन्न कराया गया है एवं अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड किया गया है। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर ने यह भी अवगत कराया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में जल अर्पण कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रगति अत्यन्त धीमी है। इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जल अर्पण की गतिविधियां बढाएं एवं इस सम्बन्ध में अपनी कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि भविष्य में योजनाओं के संचालन हेतु नल जल मित्र **(Electrician/plumber/mason)** के नाम आवश्यक मापदण्ड योग्यता के अनुसार ग्राम पंचायतों द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रस्तुत करना है जो कि अत्यन्त धीमी है। वर्तमान में जिला पंचायत विभाग द्वारा 90 नल जल मित्रों के नाम प्रस्तुत किये गये है। इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) ने जिला पंचायत अधिकारी को नल जल मित्र के नाम प्रस्तुत करने की गति तेज करने हेतु निर्देशित किया।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि ग्राम सचिवों द्वारा कुल 367 ग्राम पंचायतों के जल सेवा आंकलन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 55 MOM को पोर्टल पर अपलोड किया गया है। सचिवों द्वारा MOM अपलोड करने का कार्य धीमा है इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) ने अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि सम्बन्धित सहायक अभियंताओं एवं ग्राम सचिवों के बीच समन्वय स्थापित कराकर जल सेवा आंकलन के MOM को पोर्टल पर अपलोड करने की गति तेज करवाएं।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि कुल 551 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण के सापेक्ष 537 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों द्वारा कर दिया गया है एवं शेष 14 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण कराने में कठिनाई हो रही है। अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधानों एवं सचिवों से समन्वय स्थापित कर शेष ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण करायें।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कुल 86 नग स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 82 नग स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। शेष 4 नग कनेक्शनों में से 2 नग कनेक्शन (दावनी एवं जीरोन) स्वतन्त्र ऊर्जाकृत किया जाना है, शेष 2 निवऊआ एवं बछलापुर CWR कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण यह स्वतन्त्र ऊर्जाकृत नहीं किया जा सकता है, यह टेपिंग से ही ऊर्जाकृत रहेगा। गौना-नाराहट पेयजल योजना के स्वतंत्र फीडर में ग्रामीणों द्वारा निरंतर अवैध टैपिंग किया जा रहा है, जिस कारण लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है जिससे योजनायें प्रभावित रही है। मसौरा-सिंदवाहा पेयजल योजना के 01 CWR खजुरिया वर्तमान में टैपिंग (ग्रामीण फीडर) से चलाया जा रहा है। स्वतंत्र फीडर का तार चोरी होने के कारण बन्द है। वर्तमान तक ऊर्जाकृत नहीं कराया गया है।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सुजलम भारत ऐप विकसित किया है। जिसमें जनपद ललितपुर में कार्यरत 5 कार्यदायी संस्थाओं की ID बना दी गयी है। यह एक समान राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म जल स्रोत से लेकर घरेलू नल तक संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला का मानचित्रण करता है ताकि कार्यप्रणाली पर नजर रखी जा सके और वास्तविक समय की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा **Intake, WTP, CWR, OHT, Pipe Line** एवं गृह संयोजन इत्यादि का जिया-टैगिंग कर इस पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा अभी तक जियो-टैगिंग कर अपलोड नहीं किया गया है। अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को शीघ्र जियो-टैगिंग करके सुजलम ऐप पर शीघ्र अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी महोदय नमामि गंगे (ग्रामीण) को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन द्वारा

जनपद में क्रियान्वित 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कच्चे जलापूर्ति के लिए इंटेक वेल विभिन्न बाँधो/नदियों पर निर्मित किय गये है जिसकी 14 नग सोर्स सस्टेनबिलटी की रिपोर्ट DWSM समिति से अनुमोदन हो गयी है। 1 नग योजना बिल्ला–मोगान ग्राम समूह जिसका इंटेक भौंरट बाँध पर निर्मित है, वन विभाग से अन्तिम अनापत्ति का नहीं प्राप्त होने के कारण सिचांई विभाग द्वारा Dead Storage तक ही जल भराव किया जा रहा है जिसके कारण भविष्य में योजना के अन्तर्गत सम्मिलित 23 ग्रामों में जलापूर्ति में व्यवधान होने की सम्भावना है।





ह० जिलाधिकारी ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 1611 /M-19 /60 दिनांक 03-06-2026

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
03. जिला पंचायतराज अधिकारी ललितपुर।
04. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
07. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
08. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
09. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 गेरार्र सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।